

## एक नजर में

### नेपानगर में चाकू अड़ाकर व्यापारी से 7 लाख के जेवर लूटे, पुलिस जांच में जुटी



**नेपानगर।** बुरहानपुर जिले के नेपानगर थाना क्षेत्र की नावरा चौकी के तहत डाभियाखेड़ा साईंखेड़ा फटे के पास शुक्रवार शाम एक सोना.चांदी व्यापारी से लूट की वारदात हुई। पांच अज्ञात आरोपियों ने चाकू अड़ाकर व्यापारी से करीब 7 लाख रुपए से अधिक के जेवर लूट लिए और वारदात को अंजाम देकर बाइक से फरार हो गए। इस मामले में देर रात पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है ।शनिवार दोपहर नावरा चौकी पुलिस वारदात के रिक्रिएशन के लिए घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान पीड़ित व्यापारी रमेश सिंह ठाकुर भी मौजूद थे।रमेश सिंह ठाकुर ने बताया कि वे हाट बाजार से नावरा से नेपानगर लौट रहे थेए तभी डाभियाखेड़ा साईंखेड़ा फटे के बीच यह घटना हुई।इधर जांच के दौरान एक सीसीटीवी सामने आया है, जिसमें बदमाश बाइक से जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। व्यापारी के अनुसारए पांच आरोपियों ने अपनी बाइकें बीच सड़क पर खड़ी कर रास्ता रोक दिया। उन्होंने व्यापारी की बाइक को टक्कर मारीए जिससे वह गिर गए।इसके बाद आरोपियों ने चाकू से उनका बैग काटा और उसमें रखे सोने.चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए।एक आरोपी ने उनकी कॉलर पकड़ी और पेट पर चाकू अड़ा दिया था। नावरा चौकी प्रभारी हेमेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि दो अज्ञात आरोपियों सहित अन्य के खिलाफलूट का मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने व्यापारी से लूटे गए सामान के बिल आदि मांगे हैं।उन्होंने कहा कि अभी लूट की कुल राशि स्पष्ट नहीं है और जांच के बाद ही आगे की स्थिति साफहो पाएगी।

### सीसीएफ की टीम ने बोरीगांव में गोंद से भरे गोदाम में दबिश दी, 780 किलो गोंद किया बरामद



**नेपानगर।** वन विभाग ने लंबे समय से जिले में गोंद के विक्रय, परिवहन और भंडारण पर सख्ती से रोक लगा रखी है, लेकिन इसका चोरी छिपे परिवहन हो रहा है। हद तो तब हो गई जब खंडवा सीसीएफ को इस बात की सूचना मिली कि धूलकोट क्षेत्र के बोरी गांव में एक गोदाम के अंदर अवैध तरीके से गोंद को संग्रहित करके रखा गया है तब सीसीएफकी ओर से गठित एक विशेष उड़नदस्ते ने दबिश देकर गोदाम से 780 किलो गोंद बरामद किया है। साथ ही एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर उसे धूलकोट रेंज के सुपुर्द किया गया। धूलकोट रेंज की ओर से आरोपी के खिलाफवन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

उड़नदस्ते में शामिल प्रभारी अधिकारी शंकर चौहान के अनुसार विभाग ने बुरहानपुर जिले में गोंद के संग्रहणए विक्रय और परिवहन पर रोक लगा रखी हैए लेकिन सूचना मिली कि बोरी गांव में एक व्यक्ति ने गोंद का अवैध भंडारण कर रखा है तब टीम के साथ दबिश दी गई। आरोपी सुनील उर्फमुन्ना को गिरफ्तार कर 780 किलो गोंद बरामद किया गया। आरोपी को धूलकोट रेंज के हवाले किया गया।

जिले में गोंद पर प्रति लगा होने के बाद भी अवैध तरीके से इतनी बड़ी मात्रा में गोंद का संग्रहण होना कई सवालों को जन्म दे रहा है। वहीं कार्रवाई भी बुरहानपुर वन मंडल की बजाए खंडवा सीसीएफकी ओर से गठित टीम के द्वारा की गई है। खास बात यह है कि कुछ समय पहले ही अवैध तरीके से गोंद निकाले जाने के मामले में कोर्ट ने भी वन विभाग को फटकार लगाई थी। यह मामला अभी न्यायालय में चल रहा है। इसी बीच अवैध संग्रहण का मामला सामने आया है जिससे यह बात साबित हो गई है कि अब भी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गोंद तस्करी हो रही है। वन अफसरों के अनुसार जब्त गोंद की कीमत करीब ढाई लाख रुपए है। वन विभाग की टीम ने आरोपी सुनील उर्फ मुन्ना को भी गिरफ्तार उसके खिलाफकेस दर्ज कर उससे पूछताछ की है। वहीं खंडवा से आई टीम में प्रभारी शंकर चौहान के अलावा वनपाल धीरज बोरसियाए असद खान आदि शामिल थे। उन्होंने बताया कि बिना किसी अनुमति के गोंद संग्रहित करके रखा गया था।

### नेपानगर आगमन पर राजू पाटिल का किया स्वागत



**नेपानगर।** मुंबई महानगर पालिका में अपनी जीत का लौहा मनवाने वाले नेपानगर की माटी के लाल राजू पाटिल उर्फराजा लंबे अरसे बाद नेपानगर पहुंचे। आपको बता दें कि राजू पाटिल उर्फराजा वार्ड क्रमांक 3 एरोली सेक्टर से 2 नई मुंबई में शिवसेना शिंदे गुट से दो बार निर्वाचित पार्षद चुने गए है। वर्तमान में उनकी पत्नी पूजा पाटिल पार्षद है। वे शुक्रवार को अपने परिवार सहित अपनी जन्म स्थली पहुंचे और बचपन के बाल सखा रहे पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश चौहान के बंगले पर पहुंचे। पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश चौहान और उनके परिवार ने स्वागत सत्कार किया। उनके साथ बचपन की यादों को ताजा किया।

इस दौरान उनके बचपन के मित्र भी मौजूद थे जिनके साथ अपने स्कूल के पुराने किस्सो सुनाकर आनंदित हुए।सभी ने एक दूसरे को बचपन की कुछ यादें सुनाई। उनके सहपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गीयए सात नंबर गेट शिवालय में वार्ड वासियों द्वारा पूजा राजू पाटीलए राजू पाटील का भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान वर्तमान में नेपानगर पालिका में भाजपा के पार्षदों सहित नवनियुक्त एल्डरमैनए भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुष्प माला से जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने ने सभी पार्षद के साथ अपने अनुभव को साझा किया और मुंबई नेपानगर के सामान्य परिवार में जन्मे राजा गेट नंबर 7 पर निवासरत थे।

उन्होंने मुंबई जाकर कड़ी मेहनत कर अपना एक मुकाम हासिल किया और अपनी माटी का नाम मुम्बई जैसे महानगर में ऊंचा किया।

इस दौरान महिला पार्षद मीना राजेश चौहान, पार्षद रमेश कैथवास, योगेश प्रजापति, पार्षद पति मीठाराम, थानसिंह मीठाराम, गिरीश निकम, पार्षद हरिराम उइके, पुंडलिक महाजन, मंडल महामंत्री ललित चौहानए एल्डरमेन सुनीता वाजपेयी, मनोज माहेश्वरी, संतोष रखौंडे, गणेश दुनगे, भीमा नायक समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में मंडलों में प्रशिक्षण शुरू

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** पण्डित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत बुरहानपुर जिले के मंडलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारम्भ हुए।2 अपेंल को शाहपुर एवं फोफनार मंडल का म.प्र. एवं छत्तिसगढ भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री अजय जामवाल द्वारा शुभारम्भ किया गया। वहीं नेपानगर विधानसभा के खकनार मंडल में 3 अप्रेल को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील एवं जिलाध्यक्ष डॉ मनोज जी माने द्वारा एवं बुरहानपुर विधानसभा के 3 मंडलो का शुभारंभ 4 अप्रेल 2026 शनिवार अतिथियों प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, पूर्व मंत्री, बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने, प्रशिक्षण प्रभारी ईश्वर चौहान द्वारा भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन व दीप प्रज्वलित कर वन्दे मातरम् गीत के साथ शुभारंभ किया गया।

बता दें कि प्रदेश संगठन से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार व जिला अध्यक्ष डॉ मनोज जी माने के नेतृत्व में जिले के सभी मंडलों में उक्त






दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत हो चुकी है। बुरहानुपर विधानसभा के लोकमान्य तिलक मंडल, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल,एवं देवी अहिल्याबाई मण्डल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर डाईट सेन्टर बहादरपुर में आयोजित किया गया।

जिसमें उद्घाटन सत्र में जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, पूर्व मंत्री, बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, विषय वक्ता चिंतामन महाजन,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश कानुगो, जगदिश कपुर, अधिवक्ता ज्ञानेश्वर जी मोरे, विजय कार्ले, श्री आदित्य प्रजापति, राजकुमार वाद्य, तीनों मंडलों के अध्यक्ष अक्षय मोरे , रविन्द्र काकडे , अमोल भगत तथा विषय प्रवक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ,पूर्व मंत्री ,बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलिप भाई श्रॉफ, संभाजी सगरे, चिंतामन महाजन,श्री विरेन्द्र तिवारी, प्रशांत जी पाटील ने अपने विषयें पर भाजपा अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। प्रथम दिवस 5 सत्रो में तीनो मंडलो में प्रशिक्षण दिया गया। अतिथियों का स्वागत भाजपाई अंगवरूत्र से किया गया। यह प्रशिक्षण 5 अप्रेल 2026 कासे भी जारी रहेगा।

**खकनार मंडल में प्रशिक्षण का शुभारम्भ:**- आज नेपानगर विधानसभा के खकनार मंडल में आयोजित पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के मंडल प्रशिक्षण वर्ग में सहभागिता कर संगठन की रीति.नीति, विचारधारा एवं कार्यपद्धति पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर खण्डवा संसदीय क्षेत्र से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, नेपानगर की विधायक सुश्री मंजू दादु ,पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा कस्डेकर,जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को ,मंत्री सुनिल वाद्ये,मंडल अध्यक्ष महेंद्र जोगी जी सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में अलग.अलग विषयो जिसमे वैचारिक अधिष्ठान, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, इतिहास एवं विकास, बूथ प्रबंधन, कार्य पद्धति, भाजपा सरकारों की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन तथा सोशल मीडिया, एआई, नमो व संगठन ऐप आदि विषयो पर अलग-अलग वक्ताओं जिसमे ने अपने विचार व्यक्त किये।इस दौरान जिला व मण्डल में निवासरत जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी मौजूद थे।

# अनुशासित स्वयंसेवक बनाना संघ का पहला लक्ष्य...

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष की संघ यात्रा कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक प्रकाश शास्त्री थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर हुआ।

पूजा नागड़ा द्वारा पुस्तक परिचय दिया गया। कुमारी निकिता पाटील द्वारा अतिथि परिचय दिया गया। श्रीमती शिवानी मेहरा द्वारा कार्यक्रम की भूमिका रखीं गई। उपस्थित मातृशक्ति के प्रश्नों को रुपल मुंदड़ा द्वारा रखा गया। मुख्य वक्ता द्वारा सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता शास्त्री द्वारा मातृशक्ति परिवार व समाज में संस्कार, प्रेरणा व समर्पण का भाव जागृत करें इस पर बल दिया। समाज जीवन के विभिन्न




क्षेत्रों में कार्यरत महिलाऐं अपने दायित्व के साथ अपनी रुचि नुसार राष्ट्र कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं यह आग्रह किया।

संघ में या सेविका समिति में गुणवत्ता युक्त, संस्कारित व अनुशासित स्वयंसेवक या सेविका का निर्माण यह संघ का मुख्य लक्ष हैं। अपने उद्बोधन के विषय ष्नये क्षितिजष् में पंच परिवर्तन जिसमें स्वदेशीए नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता व कुटुम्ब प्रबोधन के माध्यम से समाज में परिवर्तन हो यह आवाह्न किया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मोहिनी शहाणे ने किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या मातृशक्ति उपस्थित थीं। कल दिनांक 5 अप्रैल को गोष्ठी के दुसरे दिन प्रमुख जन गोष्ठी मुख्य वक्ता श्री प्रवीणजी गुप्त संघ के माननीय क्षेत्र संपर्क प्रमुख होंगे। कार्यक्रम गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में शाम 5.30 प्रारंभ होगा।



# लालबाग रोड ट्रांसफॉर्मर में आग



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में लालबाग रोड स्थित आदर्श कॉलोनी में शनिवार दोपहर एक विद्युत डीपी ट्रांसफार्मर में आग लग गई।पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए फायर एक्स्टिंग्विशर का उपयोग कर आग पर काबू पा लियाए जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

यह घटना शनिवार दोपहर को हुई, जब आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में विद्युत डीपी ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई थी। सूचना प्राप्त होते ही एफआरवी स्टाफमें आरक्षक शुभम और पायलट कमलेश ने त्वरित कार्रवाई की।पुलिस जवानों ने मौके पर पहुंचकर सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए फायर एक्स्टिंग्विशर की मदद से आग पर नियंत्रण पाया।समय रहते आग बुझाने से जनधन की हानि होने से बचाव हुआ और एक बड़ा हादसा टल गया।घटना के दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थीए जिसे पुलिस द्वारा सुरक्षित दूरी पर रखा गया। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में भाषण प्रतियोगिता



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत छत्रपति शिवाजी महाराज शासकीय महाविद्यालय बुरहानपुर में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षणए जल के महत्वए समुचित उपयोग एवं जल बचाने के उपायों पर अपनी जोर दिया।

इस अवसर पर मनोज कुमार चौधरी, डॉ.रवि तरकसवार, डॉ. दिलीप वर्मा, श्री जितेन्द्र कुमार कामले,डॉ.प्रमोद चौधरी, श्री मोहम्मद रफीक अंसारी एवं श्री कमलेश देपाले सहित अन्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थितजनों द्वारा भी विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व के लिए प्रेरित किया गया।

# माखनलाल चतुर्वेदी जयंती पर 50 से अधिक पत्रकारों का सम्मान





**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** पद्मभूषण पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती के अवसर पर यूनाइटेड प्रेस ऑर्गनाइजेशन एवं राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा भारत द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के पत्रकारों का पुष्पमाला पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा के प्रदेश महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी तफ्ज्जुल हुसैन मुलायम वाला ने माखनलाल चतुर्वेदी के जीवन और उनकी पत्रकारिता के योगदान को याद करते हुए पत्रकारों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष बनवारी मेटकर ने किया। वरिष्ठ पत्रकार रिजवान अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 15 वर्षों से लगातार माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती मनाई जा रही हैए जिसे आगे भी जारी रखा जाएगा तथा पत्रकारों के हित में कार्य किए जाते रहेंगे। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार मुकेश पर्व को भाजपा में मीडिया प्रभारी तथा तफ्ज्जुल हुसैन मुलायम वाला को कांग्रेस में जिला मीडिया प्रभारी बनने पर शाल ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मुकेश पुर्वे , अशोक सोनी, बंटी नागोरी, अकील आजाद, नौशाद नूर, मनोज अग्रवाल, सत्तर शेख, राजा खान, राजेश मावले सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।शहर और ग्रामीण क्षेत्र के करीब 50 से अधिक पत्रकारों का सम्मान किया गया।साथ ही प्रीति सिंह राठौड़ को अखिल भारतीय पंचायत परिषद की राष्ट्रीय महासचिव एवं महाराष्ट्र प्रभारी का दायित्व मिलने पर यूनाइटेड प्रेस ऑर्गनाइजेशन एवं राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा भारत द्वारा शाल ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

**एक नजर** ▶ नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 17वीं लैम्प लाइटिंग सेरेमनी भी...

# बिम्ट्स महाविद्यालय बना जागरूकता का केन्द्र, पीरियड पॉवर्टी पर कार्यशाला

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** ग्राम झिरी स्थित ईस्वम एकेडमी ऑफ टेक्निकल एण्ड जनरल एज्युकेशनए बुरहानपुर द्वारा संचालित प्रो. बृजमोहन मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड टेक्निकल साइंसेस ने एक बार फिर शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के नर्सिंग विभाग द्वारा अवेयरनेस ऑफ मेन्स्ट्रुअल कप.चैलेंजिंग पीरियड पॉवर्टी विषय पर एक व्यापक एवं प्रभावी कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 17वीं लैम्प लाइटिंग सेरेमनी एवं शपथ विधि समारोह भी अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना तिवारी, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गौरी शर्मा, शासकीय महाविद्यालय नेपानगर प्राचार्य डॉ.मनीषा साकल्ले, जनरल फिजिशियन डॉ.भार्गव,शासकीय अस्पताल शाहपुर की नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती राधा डामोर सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती, प्रो.बृजमोहन मिश्रा जी एवं फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी मिर्जा राहत बेग ने जानकारी देते हुए बताया कि






इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उससे जुड़े सामाजिक मिथकों को दूर करना तथा पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देना है। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डॉ.किमया साली मेडशिकर ,स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं डॉ.राजेश डोर्वेकर जिला प्रशिक्षक, स्वास्थ्य विभाग ने विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे लेकर समाज में खुलापन और सही जानकारी आवश्यक है। उन्होंने मेन्स्ट्रुअल कप को सुरक्षित,किफायती एवं पर्यावरण के अनुकूल विकल्प बताते हुए इसके उपयोग के लाभ समझाए।

कार्यक्रम के दौरान मासिक धर्म स्वच्छता पर आधारित एक जागरूकता पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। विद्यार्थियों द्वारा कांतारा वेशभूषा में अतिथियों का अभिनव स्वागत किया गयाए जिसने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में




विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमए नृत्य एवं संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया और सभी उपस्थितजन मंत्रमुग्ध हो गए।

इसके पश्चात महाविद्यालय में सत्र 2025.26 के नवागत नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए 17वीं लैम्प लाइटिंग सेरेमनी आयोजित की गई।संस्था की अध्यक्षा श्रीमती राखी मिश्रा ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विद्यार्थियों को सेवाए निष्ठाए समर्पण एवं करुणा की शपथ दिलाई।

श्रीमती राखी मिश्रा ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहींए बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। यह क्षेत्र अनुशासन,संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की मांग करता है।उन्होंने गर्व के साथ उल्लेख किया कि महाविद्यालय विगत 17 वर्षों से बुरहानपुर जिले में नर्सिंग शिक्षा का अग्रणी केंद्र बना हुआ हैए जहाँ से प्रशिक्षित विद्यार्थी देश.प्रदेश के प्रतिष्ठित अस्पतालों एवं शासकीय संस्थानों में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

इस अवसर पर सैय्यद आसिफ अलीए डॉ.जैनुद्दीन अली, नर्सिंग विभाग के प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र उपाध्याय, प्रिन्यु थॉमस, मयूर पाटील, प्रिया नवग्रहे, भूषण बोरनारे सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्था अध्यक्ष श्रीमती राखी मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिल जैनए सचिव अमित मिश्रा सहित समस्त स्टॉफ ने आयोजन टीम को शुभकामनाएं दीं।

महाविद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, बल्कि समाज में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने और पीरियड पॉवर्टी जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जागरूकता फैलाने की दिशा में एक प्रभावी एवं प्रेरणादायक पहल के रूप में उभरकर सामने आया।